फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 4966 / एम—6 / 83 दिनांक 16.05.2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 15.05.2026 को "बिहसड़ा कला में पेयजल संकट पर ग्रामीणों का हंगामाः 70% आबादी पानी से वंचित, जल जीवन मिशन कर्मी नदारत" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 15.05.2026 को " बिहसड़ा कला में पेयजल संकट पर ग्रामीणों का हंगामाः 70% आबादी पानी से वंचित, जल जीवन मिशन कर्मी नदारत" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड छानबे में मे0 रैमकी बाबा द्वारा निर्मित दांती ग्राम समूह पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम बिहसडा कलां में कुल 685 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 463 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है। पूर्व में ग्राम के हरिजन बस्ती, धरकार बस्ती एवं बिहसडा कलां बाजार में जलापूर्ति की जा रही थी। ग्राम के हरिजन बस्ती में ग्राम प्रधान द्वारा सीवर लाइन डालते समय मेन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण 222 नग हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित हो गये है, जिससे हरिजन बस्ती, मुस्लिम बस्ती एवं मेन रोड पर जलापूर्ति बाधित है, इसके अलावा धरकार बस्ती व बिहसडा बाजार में लो प्रेशर की समस्या है। उक्त के समाधान हेतु क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्मत दिनांक 25.05.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।







भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता